पंजाब केसरी 23/08/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में उद्यमिता दिवस पर सैमीनार आयोजित

अम्बाला, 22 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में उद्यमिता दिवस के अवसर पर जी.एम.एन. इन्क्यूबेशन स्टार्टअप सैंटर, कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स विभाग तथा एस.डी.जी. क्लब के सहयोग से सैमीनार का आयोजन किया गया।



जी.एम.एन. कॉलेज में उद्यमिता दिवस के अवसर पर आयोजित सैमीनार में विद्यार्थियों को संबोधित करते विशेषज्ञ। (चंद्रमोहन)

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में आयोजित इस सैमीनार में आई.टी. क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ अतिथि वक्ताओं अशुतोष मल्होत्रा तथा अभिनव पोरवाल ने विद्यार्थियों के साथ साइबर अपराध तथा डिजिटल सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इन विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उनके समाधान भी सुझाए। उनके विचारों ने विद्यार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रयोग करते समय अधिक सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया।

क्लब की समन्वयक डा. प्रबलीन कौर ने बताया कि कॉलेज प्रशासन आगामी दिनों में विद्यार्थियों के हित में ए.आई. टूल्स पर कार्यशाला आयोजित करने की योजना भी बना रहा है। कार्यक्रम में डा. गीता कौशिक, श्याम रहेजा, हर्षिता और महिमा आदि संकाय सदस्य मौजूद रहे।